# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:03 JULY. 2025

दैनिक भास्कर भोपाल 03-07-2025

पहली मीटिंग में वीसी ने फैकल्टी से पूछा- छुट्टी में क्या पढ़ा, क्या देखा?

# एमसीयू स्टूडेंट्स की अप स्किलिंग के लिए हर माह होंगी दो वर्कशॉप

एजुकेशन रिपोर्टर | भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में नए सत्र 2025-26 की शुरुआत बुधवार को कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की एक अहम बैठक के साथ हुई। उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रैक्टिकल एक्सपोजर देने जोर देना होगा। अंतिम वर्ष के छात्रों की अप-स्किलिंग प्राथमिकता होगी।

सभी कोर्स के स्टूडेंट्स के लिए संयुक्त रूप से हर महीने दो वर्कशॉप होंगी, जिनमें देशभर के विषय विशेषज्ञ शामिल किए जाएंगे। सिलेबस को अपडेट किए जाएंगे, इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व साइबर सिक्योरिटी जैसे नए विषय जोड़े जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों को एक माह में समीक्षा करने के निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार कुलगुरु ने फैकल्टी से पूछा कि अवकाश के दिनों में कौन-कौन सी किताबें पढ़ी और कौन-कौन सी फिल्में देखीं। हालांकि इसका जवाब ज्यादातर फैकल्टी नहीं दे पाईं। इस बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. अविनाश वाजपेयी, एग्जाम कंट्रोलर डॉ. राजेश पाठक, डीन (एकेडमिक्स) प्रो. पी.शशिकला सहित सभी एचओडी व फैकल्टी मेंबर मौजूद रहे। ऐसा पहली बार है जब एमसीयू में किसी कुलगुरु ने सभी फैकल्टी मेंबर्स के साथ संयुक्त रूप से एक्शन प्लान साझा किया। साथ स्पष्ट निर्देश दिए कि इस सत्र में हर काम तय योजना और टाइमलाइन के साथ होने चाहिए। विवि पूर्व छात्रों को जोड़ेगा।

## इंटरनल एग्जाम से सख्ती

स्टूडेंट्स की उपस्थिति में ढील नहीं दी जाएगी। सेकंड और थर्ड ईयर के छात्रों का 15 दिनों में रजिस्ट्रेशन कराकर शुरुआत से ही मॉनीटरिंग की जाएगी। एक गोपनीय स्टूडेंट फीडबैक सिस्टम लागू किया जाएगा। इसके आधार पर एके मिक माहौल डेवलप करने जरूरी कार्रवाई भी की जा सकेगी। वीसी ने कहा कि पिछले वर्ष हमने सौ से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा से वंचित किया, क्योंकि वे आदतन अनुप् थित थे। इस वर्ष हम चाहेंगे कि कक्षा इतनी प्रभा वशाली हो कि अनुपस् थिति का कोई कारण ही न बचे। पहले इंटरनल एग्जाम से सख्ती की जाए। सभी की उपस्थिति जुलाई में ही रजिस्टर्ड हो।